## एक नजर

**लोकभवन 25 से 27 जनवरी तक आमजन के लिये खुलेगा**

**26 जनवरी को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक कर सकेंगे भ्रमण**

**नर्मदापुरम** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जा रहा है। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजनों के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 जनवरी और 27 जनवरी 2026 को लोकभवन अपराह्न 2 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा। वहीं 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को लोकभवन भ्रमण प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही किया जा सकेगा। आम नागरिकों के लिए लोकभवन में प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था गेट क्रं 1 से ही सुनिश्चित की गई है।

**कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 21 जनवरी को होगी**

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में 21 जनवरी 2026 बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी। कांफ्रेंस में विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे।

# प्रेक्टिकल में कॉलेज बने पैसों की दुकान

## न कॉलेज आओ, न पढाई करो, बस पैसे दो और पास हो जाओ.... प्रदेश के बाहरी छात्रों से होती है कॉलेज वालों की कमाई

**नवभारत न्यूज विशेष संवाददाता**

**नर्मदापुरम, 17 जनवरी,** जिले में चल रहे बीएड और डीएड कालेजों के हाल इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं. कॉलेज की पढाई के दौरान उन्हें पढाने की बजाए पुरानी फाईलों की कॉपी मोबाईल से फोटो पिक करके ले जाने का कह देते हैं. और कोई ज्यादा बात करता है तो उसे कहते हैं कि इसके नंबर हमारे हाथ में है जितना बोला जा रहा है उतना ही करों. और साथ ही पूरे वर्ष भर छात्र को उपस्थित होने या पढने के लिये कोई विशेष निर्देश नहीं देते जब परीक्षा पास आ जाती है तो काम अधूरा या उपस्थिति कम दर्शाकर अवैध पैसों की वसूली का रास्ता खोज लेते हैं तथा बाहरी प्रदेशों के छात्रों से कुछ ज्यादा मोटी रकम लेकर उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है. सूत्रों ने बताया कि इस समय पर सभी कॉलेजों में प्रायोगिक परीक्षा का दौर चल रहा है इसमें सभी छात्रों को आर्थिक रूप से परेशान करने का अवसर कॉलेज वालों को मिला है. उसे कोई भी डायरेक्टर छोडने को तैयार नहीं है.बताया जाता है कि यह पैसा किसी कॉलेज मद में न जमा होकर सीधे उनकी जेब में जाता है. ऐसा ही एक उदाहरण आज इटारसी के एचएल अग्रवाल बीएड कॉलेज में हुआ जिसमें अधिकतर छात्र प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर बिहार राज्य से ज्यादा छात्र आकर प्रेक्टिकल दे रहे थे उसमें उन्होंने कॉलेज वालों की सारी शर्तें मानकर उनकी उपस्थिति एवं अधूरी फाईलों का सरचार्ज सहित वसूल किया. बिहार के छात्र रामेश्वर मंडल ने बताया कि कुछ छात्र छात्राओं ने जिनके पास नगद भुगतान नहीं था और वे भुगतान करने में असमर्थ थे उन्होंने कॉलेज प्रबंधन के सामने रोकर अपनी आर्थिक स्थिति की दुहाई दी पर प्रबंधन ने एक न सुनी और उनसे कहा कि आप नगद पैसे लेकर आएं. बाद में फिर कॉलेज के टीचर्स जिसका नाम संगीता राजपूत बताया जाता है उसके यूपीआई एकाउंट पर छात्रों ने भुगतान किया कि जानकारी बतायी जाती है.



### इनका कहना है कि

एचएल अग्रवाल बीएड कॉलेज के डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि मेरे पास एक छात्रा एकता गिरी निवासी हरदा आई थी. जिसकी कॉपी में कुछ भी नहीं लिखा था. मैने ही दया कर उसे 23 जनवरी तक का समय दिया है. बाकी पैसे के संबंध में हमारे कॉलेज में ऐसा कुछ नहीं हुआ है. यूपीआई के संबंध में जो संगीता राजपूत का नाम आ रहा है वह हमारे कॉलेज में पदस्थ है.



## शासकीय एमजीएम कॉलेज में वंदे मातरम गायन प्रशिक्षण हुआ

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 17 जनवरी** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वंदे मातरम गायन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत 1882 के उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा बना और 1950 में इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला। इसकी धुन पहली बार 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाई थी। उन्होंने यह भी साझा किया कि राष्ट्रीय गीत के आधिकारिक छंदों के गायन की मानक अवधि लगभग 65 सेकंड होती है। डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि ऊर्जा का स्रोत है जो शरीर और मस्तिष्क में देशभक्ति का संचार कर हमें कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करता है। श्रीमती ज्योति दीवान ने विद्यार्थियों को गायन की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती श्रुति ने किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुसन मनोहर, डॉ. अर्चना शर्मा सहित महाविद्यालय का स्टाफ एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

**इटारसी।** शहर और तहसील के उभरते नन्हे क्रिकेटरों के लिए बडी खबर है। इटारसी तहसील की अंडर-14 क्रिकेट टीम के चयन के लिए आज से ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। यह ट्रायल दोपहर 2 बजे से रेलवे कॉलोनी यार्ड स्थित कैडबरी क्रिकेट एकेडमी में शुरू होगा।

## मांगें पूरी नहीं हुईं तो देंगे सामूहिक इस्तीफा

**सिवनी मालवा.** नगर में सरपंच संघ का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सरपंच जनपद पंचायत कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। मांगों का निराकरण नहीं होने पर सरपंच संघ ने कलमबंद हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश अंकिले ने बताया कि 12 जनवरी 2026 से सिवनी मालवा सरपंच संघ की हड़ताल लगातार जारी है, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस ध्यान नहीं दिया गया है।

## मृत्यु अटल है, हम सब परीक्षित है : पं. दुबे

**नवभारत न्यूज**

**बिजासन देवी दरबार में श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा**

**इटारसी।** महर्षि कॉलोनी स्थित बिजासन देवी दरबार में बसंत उत्सव एवं स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन पंडित देवेंद्र दुबे ने राजा परीक्षित के जन्म और शुकदेव जी के आगमन के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। द्वितीय दिवस की कथा में सूतजी से ऋषियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों की व्याख्या करते हुए पंडित दुबे ने बताया कि जब भगवान श्री कृष्ण अपनी लीलाएं पूर्ण कर स्वधाम गमन कर गए, तब धर्म श्रीमद् भागवत महापुराण की शरण में चला गया। कथा व्यास ने शमीक ऋषि के अपमान और श्रृंगी ऋषि द्वारा राजा परीक्षित को दिए गए सात दिनों में मृत्यु के श्राप के प्रसंग पर मार्मिक प्रकाश डाला। उन्होंने आध्यात्मिक बोध कराते हुए कहा कि वास्तव में हर मनुष्य परीक्षित है, क्योंकि सप्ताह में सात ही दिन होते हैं और हमारी मृत्यु भी इन्हीं सात दिनों में से किसी एक दिन होनी निश्चित है। इसलिए जीवन में भक्ति का मार्ग अपनाना अनिवार्य है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक मंदिर प्रांगण में हो रही है। समिति अध्यक्ष प्रमोद भार्गव ने बताया कि 23 तारीख को यज्ञ-हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक सुनील पाठक ने सभी धर्मप्रेमियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**बनखेडी, 17 जनवरी** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् (योजना, आर्थिक, सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन) का विकास खंड स्तरीय, ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का ग्राम विकास पखवाड़े का विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत के सभागार में जिला नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव मालानी के मुख्य आतिथ्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पारथ पटैल के आतिथ्य, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीना कुमारिया की अध्यक्षता, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की विकास खंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के आयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन के पश्चात् अतिथियों का स्वागत व परिचय कराया गया।

जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीना कुमारिया द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा सभागार में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों सी एम सी एल डी पी के छात्र छात्र-छात्राओं एवं ग्राम पंचायत के सचिव, अन्य विभागों के अधिकारियों को सेक्टर एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों में ग्रामोत्सव रैली पारीवारिक संपर्क भजन खेल प्रतियोगिता आदि के माध्यम से शासन की हितकारी योजना से जागरूक करने के लिए ग्रामोदय से अभ्युदय को करने के लिए सेक्टर में करने का आग्रह किया।

## इंदौर की घटना को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 17 जनवरी** इंदौर भागीरथपुरा में हुई मानवीय त्रासदी ने मानवता को झकझोर दिया है, एक तरफ़ सत्तादल भाजपा इस मामले में विपक्ष के निशाने पर है वहीं पूरे मध्यप्रदेश में इस अनदेखी पर लोगों में नाराज़गी देखी जा रही है। इस पूरे मामले को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आड़े हाथों लिया हुआ है। शनिवार को नर्मदापुरम ज़िला मुख्यालय मे स्थानीय गांधी पार्क के पास जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत (गुड्डन) पाण्डेय के नेतृत्व मे नगर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा इंदौर मे दूषित और जेहरीले पानी पीने से हुई मौतो और पानी की गुणवत्ता के आंकडों को लेकर एवं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के कानूनी अधिकार को समाप्त करने के विरोध मे एक दिवसीय जिला स्तरीय उपवास एवं मौन धरना आयोजित किया गया। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित कर मौन धरना उपवास प्रारम्भ हुआ, जो शाम चार बजे समाप्त किया गया। उपवास मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय, पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, वरिष्ठ नेता कपिल फौजदा, चन्द्रगोपाल मलैया, नर्मदापुरम नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अनोखी राजोरिया, इटारसी नपा नेता प्रतिपक्ष रफतजहां सिद्दीकी, मधुसूदन यादव आदि उपस्थित रहे।

### हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**खिरकिया** खंड में नगर की गुरु गोविन्द सिह बस्ती के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में श्याम जी शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रवीण श्री कृष्ण जी शास्त्री कथा वाचक मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी हरीश नागडा ने की। सम्मेलन का आयोजन श्री भवान जी बैरसी जी जिनिंग प्रेसिंग फेक्ट्री में हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी बंधु शामिल हुए इससे पूर्व शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसका समापन कार्यक्रम स्थल पर माँ भारती की आरती और हवन के साथ हुआ इस दौरान मातृ शक्ति शोभायात्रा में उपस्तिथ हुई।

## भोजन पोषण एवं स्वच्छता मानकों के अनुरूप हो

**हरदा** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा राजा रंगारे ने शुक्रवार को परियोजना हरदा ग्रामीण-02 अंतर्गत स्व सहायता समूहों की बैठक आयोजित की। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले पोषण आहार, नाश्ते एवं भोजन की गुणवत्ता, मात्रा एवं समयबद्धता पर विशेष रूप से चर्चा की। बैठक के दौरान समूहों को यह निर्देशित किया गया कि बच्चों को उपलब्ध कराया जाने वाला नाश्ता एवं भोजन पोषण एवं स्वच्छता मानकों के अनुरूप होना चाहिए, जिससे कुपोषण रोकथाम तथा बच्चों के समग्र विकास में सहायता मिल सके।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## पिटटू खेल में 39 लड़की एवं 22 लड़कों ने लिया भाग

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 17 जनवरी** खेलो एमपी की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता की प्रथम कड़ी में अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती सपना गिरधारी, संचालक आर्चरी नोडल खेल केंद्र एवं प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी, अशोक मालवीय जिला अध्यक्ष पिट्ठू संघ, जाफर सिद्दीकी सचिव जिला पिट्ठू संघ, देवेंद्र परिहार वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला पिट्ठू संघ, गीता चौधरी सांस्कृतिक प्रभारी एवं संरक्षक आर्चरी खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थिति रही. सर्वप्रथम खिलाड़ियों की जन्मतिथि के आधार पर



खिलाड़ियों का पंजीयन फॉर्म मूल्यांकन उपरांत प्रतियोगिता प्रारंभ हुई. बालकों की चार एवं बालिकों की छह टीम बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ हुआ. श्रेष्ठ के आधार पर 12 - 12 खिलाड़ी छात्र छात्राओं का चयन किया गया. यह चयनित खिलाड़ी आगामी 20 तारीख को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेलों एमपी पिट्ठू प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे.

## दो युवकों ने मिलकर एक युवक पर किया हमला

**इटारसी।** शहर की न्यास कॉलोनी में शुक्रवार की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक 20 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना रात करीब 12.15 बजे की है, जब पीड़ित अपने घर के पास था। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित श्यामू भाट 20 वर्ष, जो न्यास कॉलोनी स्थित साईं की बगिया के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहता है, पर आरोपियों ने हमला किया। घटना बिजली सब स्टेशन के पास हुई है। श्यामू के साथ गाली-गलौज की.



## खेलो मप्र यूथ गेम्स के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 17 जनवरी** मध्य प्रदेश का ओलम्पिक खेलो म.प्र. यूथ गेम्स के दूसरा चरण के तहत शनिवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल ने बताया कि जिला स्तर पर खो खो, रस्साकसी, बॉस्केट बाल एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, पिट्ठू एवं टेबल टेनिस, खेलो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष शर्मा, कबड्डी व पिट्ठू संघ अध्यक्ष गिरिजाशकर राजपूत, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष राजेश बिलिया, सचिव खो खो संघ श्री भूपेंद्र सिंह तोमर, मलखम संघ अध्यक्ष राजकुमार चंदेल एवं ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन में कहा कि खेलने के साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, अधिक पानी पीए, समय पर नींद ले, साफ संतुलित भोजन समय पर लें, जो प्रत्येक खिलाड़ी के लिए आवश्यक है। बॉलीबॉल बालक वर्ग में प्रथम स्थान विकासखंड टिमरनी व दूसरा स्थान विकासखंड हरदा, पिट्ठू बालक वर्ग में प्रथम स्थान बिकासखंड हरदा व दूसरा स्थान विकासखंड टिमरनी, पिट्ठू बालिका वर्ग में प्रथम स्थान विकासखंड टिमरनी, दूसरा स्थान विकासखंड खिरकिया व तीसरा स्थान विकासखंड हरदा, बास्केट बॉल बालक वर्ग में प्रथम स्थान विकासखंड खिरकिया व दूसरा स्थान विकासखंड हरदा ने प्राप्त किया।

## पत्नी की हत्या के मामले में पति को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 17 जनवरी** सिवनी मालवा में प्रथम जिला न्यायाधीश न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश तबस्सुम खान ने पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी झुन्नर सिंह पिता भूरेलाल कलमे एवं उसकी पत्नी रामवती, निवासी ग्राम गोटावरी, तहसील सिवनी मालवा, दोनों गांव के ही संतोष हरिजन के खेत की रखवाली के लिए गए थे। घटना दिनांक 16 सितंबर 2023 की है। आरोपी ने उसी दिन सुबह करीब 7 बजे अपने घर पहुंचकर यह जानकारी दी कि उसकी पत्नी खेत के मुंडे पर मृत अवस्था में पड़ी है, लेकिन उसने मृत्यु का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। घटना की सूचना ग्राम कोटवार द्वारा थाना सिवनी मालवा में दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ की। तत्कालीन नगर निरीक्षक उषा मरावी द्वारा गंभीरता से की गई। विवेचना के आधार पर आरोपी झुन्नर सिंह को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### शिवपुर पुलिस ने किया बाइक चोरी का खुलासा

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा तहसील के शिवपुर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बाबड़िया भाऊ से दिनांक 8 जनवरी 2026 को हुई बाइक चोरी के मामले में शिवपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। शिकायतकर्ता रामदास पिता मूरत सिंह बारवे ने थाना शिवपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे अपने साले की मोटरसाइकिल (एमपी 05 जेडए 9014) लेकर फरीदपुर रोड स्थित खेत पर राजेंद्र प्रसाद तंवर के खेत में दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर पानी देने गए थे। करीब 4 बजे वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने प्रदीप उर्फ अजय पिता नंदकिशोर माणिक (उम्र 25 वर्ष), निवासी सिवनी मालवा एवं अमन बाड़ीवा पिता अमरलाल बाड़ीवा (उम्र 19 वर्ष), निवासी ग्राम जाट गुराडिया को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## फ्लड टास्कफोर्स प्रशिक्षण में घायलों को लाने, ले जाने के तरीके बताए



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 17 जनवरी** आपदा प्रबंधन क्षमता वृद्धि कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को हरदा मे बाढ आपदा राहत एवं बचाव तथा पूर्व तैयारी से संबंधित विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। यह प्रशिक्षण मानसरोवर होटल इन्दौर रोड जिला हरदा मे संचालित किया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत बाढ से पूर्व की तैयारी, बाढ के दौरान तथा बाढ के बाद सुरक्षा उपाय के बारे मे जानकारी दी गई तथा पानी मे डुबे हुये व्यक्ति को बचाने के तरीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मे प्रथमोपचार, दुर्घटना मे घायलो को लाने ले जाने के तरीके बताये गये। होमगार्ड / एसडीईआरएफ हरदा द्वारा जन जागृति कार्यक्रम मे बाढ आपदा से संबंधित आपदा उपकरणो का प्रदर्शन किया गया तथा लोगो को आपदा उपकरणो के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यकम संयुक्त कलेक्टर सतीश राय तथा डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड हरदा के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान जे.एल. कोठारी, प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड हरदा, उमेश खले ए.एस.आई, दीपक ठाकुर हवलदार स्टोरमेन, आरक्षक श्री कैलाश तोमर, वाहन चालक आरक्षक भारमल यादव एवं होमगार्ड / एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित थे।

**स्टार्टप दिवस** — ओला, उबर, फ्लिपकार्ट, स्विगी, जौमेटो जैसे सफल उद्यमियों की सुनाई कहानी

## रोजगार तलाश न करें, उद्यमी बनकर रोजगार प्रदाता बनें

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 17 जनवरी 2026** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को जगाना और उन्हें भविष्य के व्यवसायों के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. राकेश मेहता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे केवल रोजगार की तलाश न करें, बल्कि




स्वयं उद्यमी बनकर रोजगार प्रदाता बनें। उन्होंने बायोकॉन लिमिटेड की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ के जीवन संघर्ष को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक महिला उद्यमी ने चुनौतियों को पार कर वैश्विक पहचान बनाई। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के प्रभारी और ट्रेनिंग ऑफिसर डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से स्टार्टअप की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने ओला, उबर, फ्लिपकार्ट, स्विगी और जोमैटो जैसे सफल स्टार्टअप्स की शुरुआत की रोचक कहानियां बताईं। विद्यार्थियों को स्टार्टअप इंडिया, अटल इनक्यूबेशन सेंटर, स्टैंड अप योजना, मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे में जानकारी दी गई। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि आज के दौर में उच्च शिक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम युवाओं के लिए स्टार्टअप एक बेहतरीन विकल्प है। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।